## एक नजर में



### भारती के बेटे हो सकते है उपचुनाव में उम्मीदवार

**दतिया.** विधानसभा सीट पर आगामी उपचुनाव में राजेंद्र भारती के बेटे कांग्रेस के उम्मीदवार हो सकते हैं. राजनीतिक गलियारों के अनुसार, राजेंद्र भारती दिल्ली में अपने बेटे के साथ लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मिले हैं. इस मुलाकात के बाद से ही दतिया सीट से उनके बेटे को चुनावी मैदान में उतारने की अटकलें बेहद तेज हो गई हैं. राजेंद्र भारती ने अपनी सजा के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में अपील की थी, लेकिन कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 29 जुलाई तय कर दी है और उन्हें फिलहाल कोई अंतरिम राहत नहीं मिली है. इसी वजह से दतिया सीट को रिक्त घोषित कर उपचुनाव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं. कोर्ट से राहत न मिलने के बाद राजेंद्र भारती अपने बेटे के साथ दिल्ली पहुंचे और कांग्रेस केंद्रीय नेतृत्व व राहुल गांधी से मुलाकात की.

# सीएसके के हारते ही हैदराबाद-गुजरात की बल्ले-बल्ले, प्लेऑफ में पहुंची दोनों टीमें

**चेन्नई 18 मई।** सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को उनके घरेलू मैदान पर इशान किशन की बेहतरीन 70 रन की पारी साथ ही कप्तान पैट कमिंस की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर 5 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही हैदराबाद की टीम प्लेऑफ में पहुंच गई। यही नहीं हैदराबाद की जीत के साथ गुजरात की टीम भी प्लेऑफ में पहुंच गई। वहीं इस हार के साथ ही सीएसके की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद लगभग खत्म हो गई। आरसीबी के बाद अब हैदराबाद और गुजरात प्लेऑफ में पहुंच चुकी हैं।

इंडियन प्रीमियर लीग के 63वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद के साथ एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई में हुआ। इस मैच में सीएसके ने पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सीएसके ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 180 रन बनाए और हैदराबाद को जीत के लिए 181 रन का लक्ष्य मिला। इसके जवाब में हैदराबाद ने 19 ओवर में 5 विकेट पर 181 रन बनाकर मैच को जीत लिया।

संजू सैमसन ने 13 गेंदों पर 27 रन की पारी खेली और आउट हुए जबकि उर्विल पटेल 13 रन के स्कोर पर बोल्ड हो गए। कार्तिक शर्मा ने 19 गेंदों पर 32 रन की पारी खेली। ऋतुराज की बैटिंग काफी खराब रही और वो 21 गेंदों पर 15 रन बनाकर आउट हुए। डेवाल्ड ब्रेविस ने 27 गेंदों पर 44 रन की पारी खेली। शिवम दुबे ने 26 रन के स्कोर पर अपना विकेट गंवा दिया जबकि प्रशांतवीर ने 11 रन बनाए। हैदराबाद के लिए पैट कमिंस ने 3 विकेट लिए जबकि साकिब हुसैन को 2 सफलता मिली।

ट्रैविस हेड नहीं चल पाए और 6 रन पर कैच आउट हो गए जबकि अभिषेक शर्मा ने 26 रन पर अपना विकेट गंवा दिया। क्लासेन ने 26 गेंदों पर 47 रन की अच्छी पारी खेली। इशान किशन ने 37 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और 47 गेंदों पर 70 रन बनाकर आउट हुए। नितिश कुमार रेड्डी 11 रन के स्कोर पर आउट हुए। सीएसके के लिए मुकेश चौधरी ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। इस मैच में सीएसके को उनकी कमजोर गेंदबाजी की वजह से हार मिली।

हैदराबाद ने अपनी प्लेइंग 11 में कोई बदलाव नहीं किया जबकि सीएसके ने अपनी अंतिम ग्यारह में एक बदलाव किया और गुरजपनीत की जगह अकील हुसैन की वापसी हुई।

**सीएसके की प्लेइंग 11**

संजू सैमसन (विकेटकीपर), ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), उर्विल पटेल, कार्तिक शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, प्रशांत वीर, अकील होसेन, नूर अहमद, अंशुल कंबोज, स्पेंसर जॉनसन।

**इम्पैक्ट प्लेयर-** मुकेश चौधरी, मैथ्यू शॉर्ट, सरफराज खान, अमन खान, गुरजपनीत सिंह।

**हैदराबाद की प्लेइंग 11**

अभिषेक शर्मा, इशान किशन (विकेटकीपर), हेनरिक क्लासेन, सलिल अरोड़ा, स्मरण रविचंद्रन, नितिश कुमार रेड्डी, पैट कमिंस (कप्तान), शिवांग कुमार, ईशान मलिंगा, साकिब हुसैन, प्रफुल्ल हिंगे।

**इम्पैक्ट प्लेयर-** ट्रैविस हेड, अनिकेत वर्मा, लियाम लिविंगस्टोन, हर्ष दुबे, हर्षल पटेल।

### सीएसके के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद लगभग खत्म

क्लासेन ने आईपीएल में अपने 2000 रन पूरे किए और वो इस लीग में सबसे कम पारियों में रन के इस आंकड़े तक पहुंचने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में 5वें नंबर पर आ गए। हैदराबाद सीएसके को 5 विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंच गई। वहीं हैदराबाद की जीत के साथ ही गुजरात ने भी प्लेऑफ में जगह बना ली। यानी इस सीजन में तीन टीमें प्लेऑफ में पहुंच चुकी हैं जिसमें आरसीबी के बाद हैदराबाद और गुजरात हैं। अब प्लेऑफ के लिए सिर्फ एक जगह खाली है। वहीं इस हार के साथ सीएसके के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद लगभग खत्म हो गई है।

# मंत्री नागर को उइके ने लिया निशाने पर

## मंत्री के बयान से एमपी का सियासी पारा चढ़ा

**झाबुआ, 18 मई .मध्यप्रदेश सरकार की मंत्री संपतिया उइके के एक बयान के बाद प्रदेश की राजनीति गरमा गई है. कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर सरकार पर निशाना साधा है, जबकि संबंधित मंत्री नागरसिंह चौहान ने आरोपों को निराधार बताया है.**



सूत्रों के अनुसार भोपाल में 17 और 18 मई को मंत्रियों के कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और संगठन पदाधिकारियों द्वारा फीडबैक बैठक आयोजित की गई. बताया गया कि पहले दिन अलीराजपुर से मंत्री नागरसिंह चौहान बैठक में अनुपस्थित रहे. इस संबंध में पूछे जाने पर जिले की प्रभारी मंत्री एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने कथित तौर पर कहा कि "नागरसिंह तो शराब कारोबार के व्यवसाय में रत हैं, उनसे कैसा समन्वय."

मंत्री के इस बयान के सामने आने के बाद कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर हमला बोला. आलिराजपुर के पूर्व कांग्रेस विधायक महेश पटेल ने नागरसिंह चौहान पर भ्रष्टाचार और जिले में अवैध शराब कारोबार से जुड़े होने के आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि शराब ठेकेदारों को मंत्री की मर्जी से काम करना पड़ता है. पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश पटेल ने भी मंत्री के बयान को सही बताते हुए जिला प्रशासन पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया.

कांग्रेस विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा सरकार के मंत्री अब एक-दूसरे पर खुलेआम शराब कारोबार से जुड़े होने के आरोप लगा रहे हैं. उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव से इस मामले में कार्रवाई की मांग की. वहीं मंत्री नागरसिंह चौहान ने वार्ता से मोबाइल फोन पर चर्चा में कहा कि संपतिया उइके यह बताएं कि उन्हें किसने बताया कि वह शराब के कारोबार में लिप्त हैं. उन्होंने कहा कि किसी खबर के प्रकाशित होने मात्र से बातें सही नहीं हो जातीं. उल्लेखनीय है कि नागरसिंह चौहान पूर्व में भी कई विवादों को लेकर चर्चा में रहे हैं. इससे पहले भी उन्होंने सरकार और विभागीय अधिकारियों को लेकर सार्वजनिक बयान दिए थे.

# छतरपुर में पूर्व सरपंच पर फायरिंग, हालत नाजुक

▶ हमलावरों ने कई राउंड चलाई गोलियां

**राजनगर (छतरपुर), 18 मई. जिले के राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत विक्रमपुर गांव के पूर्व सरपंच महुम सिंह उर्फ हल्के राजा पर सोमवार को अज्ञात हमलावरों ने दिनदहाड़े ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. इस हमले में पूर्व सरपंच गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है.**

मिली जानकारी के अनुसार पूर्व सरपंच महुम सिंह सोमवार को छतरपुर से वापस अपने गांव विक्रमपुर से लौट रहे थे. वे इमलिया गांव के समीप पहुंचे, तभी चार फोर-व्हीलर वाहनों में सवार होकर आए बदमाशों ने उनके वाहन को घेर लिया और उन पर कट्टे और बंदूकों से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी. घटना के संबंध में घायल पूर्व सरपंच के भतीजे योगेन्द्र देव बुन्देला ने बताया कि उनके चाचा महुम सिंह छतरपुर से लौटकर विक्रमपुर जा रहे थे, तभी इमलिया गांव के पास पहले से घात लगाए बैठे अज्ञात हमलावरों ने वाहनों से उतरकर उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं.

घटना की सूचना मिलते ही राजनगर थाना पुलिस भारी बल के साथ मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए. पुलिस ने जिले भर में नाकाबंदी कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है. प्राथमिक तौर पर इस खूनी हमले के पीछे पुरानी रंजिश या जमीनी विवाद की आशंका जताई जा रही है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को शिनाख्त कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

### हाईवे पर पलटा तेज गति से दौड़ रहा ट्रक, दबने से हुई क्लीनर की मौत

**शाजापुर.** नेशनल हाईवे 52 पर सोमवार दोपहर करीब 12 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. इस हादसे में ट्रक के नीचे दबने से कंडक्टर अंकित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक अशोक सुरक्षित बच गया. यह घटना गिरवर रोड के समीप हुई. सूचना मिलते ही लालघाटी थाना पुलिस और यातायात थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने क्रेन की सहायता से पलटे हुए ट्रक को हटाया और उसके नीचे दबे दोनों व्यक्तियों को बाहर निकाला. बताया जाता है कि ट्रक महाराष्ट्र के नासिक से राजगढ़ जिले के ब्यावरा की ओर शक्कर की बोरियां लेकर जा रहा था. गिरवर रोड के पास ट्रक के अनियंत्रित होकर पलटने का मुख्य कारण ओवरस्पीड बताया जा रहा है. मृतक कंडक्टर अंकित के शव को पोस्टमार्टम के लिए शाजापुर जिला अस्पताल लाया गया.

# मानव सेवा के लिए तत्पर हों चिकित्सक

## सीएम ने समझौता ज्ञापन बैठक को संबोधित करते हुए कहा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 18 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मरीज की चिकित्सा सिर्फ एक व्यवसाय नहीं, यह मानव सेवा का एक माध्यम है. हमें ऐसे चिकित्सक तैयार करने है, जो मानव सेवा और मरीज की सेवा के लिये तत्पर हो.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समत्व भवन में आयोजित एक समझौता ज्ञापन बैठक को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की उपस्थिति में राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग तथा सेवांकुर भारत, डॉ. बाबा साहेब



आम्बेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान, छत्रपति संभाजी नगर महाराष्ट्र के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर आदान-प्रदान किया गया. एमओयू की अवधि 5 वर्ष की है. इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य मप्र को सेवा-प्रधान स्वास्थ्य नेतृत्व का मॉडल राज्य बनाना है. एमओयू का मुख्य लक्ष्य सेवा-प्रधान डॉक्टरों की ऐसी पीढ़ी तैयार करना है, जो व्यवसायिक ही नहीं, समाज में परिवर्तन के वाहक भी बनें. यह एमओयू अनुभव-आधारित शिक्षण व मूल्य-आधारित नेतृत्व विकास अर्थात् सेवा के जरिये सीखने के सिद्धांत पर आधारित है. इसमें एक सप्ताह देश के नाम, कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें लगभग 300 प्रतिभागियों को छत्रपति संभाजीनगर में गहन प्रशिक्षण दिया जायेगा. इस कार्यक्रम के बाद निरंतर सहभागिता के लिए अनुभव साझा सत्र एवं व्यक्तित्व विकास शिविर भी आयोजित किये जायें. इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल सहित सेवांकुर भारत प्रकल्प के पदाधिकारी भी मौजूद थे.

### ▶ आम जन तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने प्रतिबद्ध

यहां बता दें कि डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान की स्थापना वर्ष 1989 में समाज के प्रति समर्पित चिकित्सकों द्वारा की गई थी. विगत तीन दशकों में संस्था ने 70 लाख से अधिक वंचित एवं जरूरतमंद रोगियों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं करुणामय चिकित्सा सेवा प्रदान की है. संस्था का केंद्र बिंदु डॉ. हेडगेवार रुग्णालय, छत्रपती संभाजीनगर है, जो सेवाभाव, सादगी एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता के साथ आम जन तक उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिये प्रतिबद्ध है.

# कार-बाइक भिड़ंत में दो की मौत

**उमरिया, 18 मई. ताला-मानपुर मार्ग पर सरमनिया मोड़ के पास आज सोमवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार कार और मोटरसाइकिल की जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार हैदर खान (40 वर्ष), टायर दुकान निवासी मानपुर की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं बाइक पर सवार अनिल रजक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका बायां पैर बुरी तरह टूट गया था.**

घटना के बाद ताला चौकी पुलिस की मदद से घायल अनिल रजक को गंभीर हालत में सीएचसी मानपुर लाया गया. परिजनों का



आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद भी समय पर एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई और परिजनों के सामने ही उन्होंने दम तोड़ दिया. घटना के बाद अस्पताल परिसर में आक्रोश का माहौल बन गया. मृतक के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं. उनका कहना है कि यदि समय पर एम्बुलेंस और बेहतर उपचार मिलता तो शायद अनिल रजक की जान बचाई जा सकती थी.

स्थानीय लोगों का कहना है कि सीएचसी मानपुर लंबे समय से डॉक्टरों की कमी, अव्यवस्था और संसाधनों के अभाव से जूझ रहा है. कई गंभीर मामलों में यहां केवल प्राथमिक उपचार के बाद मरीजों को रेफर कर दिया जाता है, जिससे अस्पताल अब 'रेफरल सेंटर' बनकर रह गया है.

लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने एक बार फिर स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी है और जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

### मतदाता सूची के पर्यवेक्षण के लिए प्रेक्षक नियुक्त

**भोपाल, 18 मई.** पंचायतों एवं नगरीय निकायों की मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी है. राज्य निर्वाचन आयोग ने पुनरीक्षण कार्यक्रम के पर्यवेक्षण के लिये प्रेक्षक नियुक्त किये हैं. ये भी रिटायर्ड आईएएस या एसएएस हैं. मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जून को होगा.आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग मनोज श्रीवास्तव ने बताया है कि जिला इंदौर के लिये डीपी. तिवारी, आगर-मालवा के लिये कृष्ण मोहन गौतम, बैतूल के लिये एसप.एस. सलूजा, मऊगंज के लिये एके. सिंह, डिण्डोरी के लिये शैलेन्द्र कियावत, शहडोल के लिये नीरज दुबे, हरदा के लिये डीडी. अग्रवाल, अनूपपुर के लिये नरेन्द्र सिंह परमार, निवाड़ी के लिये डॉ. श्रीकांत पाण्डे, ग्वालियर के लिये अरुण तोमर, सीधी के लिये एसएन. रूपला, नर्मदापुरम के लिये निसार अहमद, रीवा के लिये अरुण पाण्डे और रायसेन के लिये शशि भूषण सिंह को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है. ये सभी रिटायर्ड आईएएस हैं. इसी तरह राज्य प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी अनूप तिवारी को कटनी, अनंत नारायण अरोड़ा को सतना, प्रकाश व्यास को खरगोन जिले का प्रेक्षक नियुक्त किया गया है.

# जल संकट पर विधायक हार्डिया नाराज़, सिस्टम पर फूटा गुस्सा

**इंदौर ,18 मई. शहर में गहराते जल संकट को लेकर पांच नंबर क्षेत्र के विधायक महेंद्र हार्डिया ने नगर निगम की जल वितरण व्यवस्था पर नाराजगी जताई. महापौर और अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि शहर में पानी सप्लाई पूरी तरह असंतुलित हो गई है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.**



विधायक हार्डिया ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में उन्होंने इंदौर में ऐसा गंभीर जल संकट कभी नहीं देखा. उनका आरोप है कि पानी का वितरण मनमाने तरीके से किया जा रहा है. कई इलाकों में जरूरत से ज्यादा पानी पहुंच रहा है, जबकि कुछ क्षेत्रों में लोगों के घरों तक सिर्फ बूंद-बूंद पानी पहुंच रहा है.

उन्होंने खास तौर पर पांच नंबर क्षेत्र की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि यहां सबसे ज्यादा शिकायतें पेयजल संकट और अनियमित सप्लाई को लेकर मिल रही हैं. लोगों को घंटों इंतजार के बाद भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है. भीषण गर्मी के बीच हालात और खराब हो रहे हैं.

बैठक में विधायक ने अधिकारियों को जल वितरण व्यवस्था में तुरंत सुधार करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधरी तो लोगों का गुस्सा बढ़ सकता है.

### पमरे : 744 करोड़ का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित

**जबलपुर.** पश्चिम मध्य रेल में वाणिज्य परिचालन विभाग के प्रमुख एवं वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किए गए समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल 2026 माह में रूपये 744 करोड़ 13 लाख का कुल प्राम्भिक राजस्व अर्जित किया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के इसी माह ( रूपये 739 करोड़ 84 लाख) कि तुलना में अधिक है.

# निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो : शुक्ल

## अधोसंरचना एवं सेतु निर्माण कार्यों की उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने की समीक्षा

**भोपाल, 18 मई. राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में रीवा जिले की महत्वपूर्ण अधोसंरचना और सेतु निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा की. बैठक में मार्तण्ड स्कूल-जयस्तंभ ब्रिज फ्लायओवर, विजयसोता पुल और लक्ष्मण बाग एप्रोच ब्रिज परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई.**



उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता और तय समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं. उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी.

बैठक में बताया गया कि रीवा शहर में कॉलेज चौराहे से ढेकहा तिराहा तक वाराणसी-नागपुर मार्ग पर प्रस्तावित फ्लायओवर निर्माण के लिए सीआरआईएफ योजना के तहत राशि स्वीकृत हो चुकी है. इसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट आईआईटी दिल्ली द्वारा तैयार की जा रही है. उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को रिपोर्ट जल्द प्राप्त कर आगामी प्रक्रियाएं समयबद्ध रूप से पूरी करने के निर्देश दिए.

विजयसोता पुल निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए. साथ ही लक्ष्मण बाग एप्रोच ब्रिज परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई. बैठक में प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग सुखवीर सिंह सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

### अश्लील वीडियो बनाने वाला ब्लैकमेलर युवक गिरफ्तार

**सिंगरौली.** नवानगर थाना क्षेत्र के एक युवक पड़ोस की रहने वाली एक महिला व्हाट्सएप से अश्लील वीडियों बनाकर शारीरिक संबंध बनाता रहा. बाद में उसे वायरल करने की धमकी दे रहा था. फरियादिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध पंजीबद्ध करते हुये न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है. नवानगर थाना प्रभारी डॉ. अनिल पटेल के अनुसार थाना क्षेत्र की एक महिला गुड़िया देवी (परिवर्तित नाम) अपने परिजनो के साथ थाना उपस्थित होकर एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया. जहां उसने बताया कि पड़ोसी दिवेन्द शाह करीबन एक वर्ष पूर्व से मुझे बहला फुसला कर मोबाईल में व्हाट्सएप से मेरी अश्लील वीडियो बना लिया , कुछ दिन बाद मुझे वही वीडियो दिखाकर परेशान करने लगा तथा वीडियो वायरल करने की धमकी देकर खेत में बुलाकर फरियादिया के साथ जबरन शारीरिक सबंध बनाया तथा कई बार वीडियो वायरल करने की धमकी देकर फरियादिया के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा. फरियादिया के द्वारा गलत काम करने से मना करने पर आरोपी दिवेन्द्र शाह ने अश्लील वीडियो अपने वाट्सएप एप्प से वायरल कर फरियादिया के परिचित लोगो के वाट्सएप एप्प पर भेज दिया है.

# एसडीओपी पूजा पांडे को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**जबलपुर, 18 मई . सिवनी जिले में हुए हवाला लूटकांड की मुख्य आरोपी एसडीओपी पूजा पांडे को आखिरकार सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है. एसडीओपी ने कोर्ट को बताया कि उसके साथ 2 साल का बच्चा है. इसी आधार पर सोमवार को देश की सर्वोच्च अदालत ने उन्हें जमानत दे दी. हालांकि, ट्रायल कोर्ट में केस यथावत चलता रहेगा.**



निलंबित एसडीओपी पूजा पांडे करीब 3 करोड़ रुपए के हवाला लूटकांड की मुख्य आरोपी हैं. उनके साथ कई पुलिसकर्मी भी इस केस में शामिल हैं. मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की कोर्ट ने कहा- याचिकाकर्ता महिला है. वह एकल मां है और उसका 2 साल का बच्चा उसके साथ जेल में है.

यह मामला खैरीटेक क्षेत्र में कथित हवाला रकम की लूट से जुड़ा है, जिसने पूरे प्रदेश में सनसनी फैला दी थी. आरोप है कि वारदात को पुलिस वर्दी और हथियारों का इस्तेमाल कर योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया गया था. घटना सामने आने के बाद पुलिस विभाग ने उच्चस्तरीय जांच शुरू की गई थी. घटना के बाद राज्य स्तर पर विशेष जांच टीम गठित की गई थी. टीम ने कई पुलिसकर्मियों से पूछताछ की और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी जुटाए गए थे.

मामले में अधिकांश आरोपियों को जबलपुर हाईकोर्ट से पहले ही जमानत मिल चुकी है. वहीं, दो आरोपियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर भी निरस्त हो चुकी हैं. इसके बाद पूजा पांडे ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी. सिवनी पुलिस ने खैरीटेक क्षेत्र में नागपुर के शख्स सोहन परमार से करीब 3 करोड़ रुपए जब्त किए थे. पुलिस पर आरोप है कि रिपोर्ट में जब्ती सिर्फ एक करोड़ 45 लाख रुपए की दिखाई.

सुनवाई ▶ विधि अधिकारियों की नियुक्तियों के मामले में जवाब पेश करने अंतिम अवसर

# नियम का पालन नहीं किए जाने को दी गई थी चुनौती

**जबलपुर, 18 मई . महाधिवक्ता कार्यालय में विधि अधिकारियों की नियुक्ति में नियम का पालन नही किये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी थी. याचिका की सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता कार्यालय की तरफ से जवाब पेश करने समय प्रदान करने का आग्रह किया गया. हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस आर सी एस विसेन की युगलपीठ ने अंतिम अवसर प्रदान करते हुए याचिका पर अगली सुनवाई 19 जून निर्धारित की गयी है.**

मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव योगेश सोनी की तरफ से दायर



याचिका में कहा गया था कि महाधिवक्ता कार्यालय में कुल 157 लॉ ऑफिसर्स की नियुक्ति को लेकर 25 दिसंबर को सूची जारी की गई है. उन्होंने याचिका में आरोप लगाया गया है कि नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह मनमानी और पक्षपातपूर्ण है. याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2013 की राजपत्र अधिसूचना में सरकारी वकीलों की नियुक्ति के लिए स्पष्ट और निर्धारित प्रक्रिया तय की गई है, लेकिन महाधिवक्ता कार्यालय ने उसका स्पष्ट उल्लंघन किया. अधिसूचना में कहा गया था कि सरकारी अधिवक्ता की नियुक्ति के लिए न्यूनतम 10 वर्ष की प्रेक्टिस की योग्यता निर्धारित है. इसके उलट कई शासकीय अधिवक्ता ऐसे हैं जिनकी प्रेक्टिस 10 साल से बहुत कम है. यह दलील भी दी गई कि एक पद पर नियुक्ति के लिए तीन नाम भेजने का प्रावधान था.

इसके उलट विज्ञापन में पदों की संख्या नहीं बताई गई थी. इसके अलावा नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में भी कोई उल्लेख नहीं किया गया था. मांग की गई कि पूरी सूची निरस्त कर नए सिरे से प्रक्रिया अपनाई जाये. याचिका पर सोमवार को हुई सुनवाई के बाद युगलपीठ ने जवाब पेश करने अंतिम अवसर प्रदान किया है.

### हाईकोर्ट जजों की नियुक्ति में भी आरक्षण की मांग उठी

हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति में भी आरक्षण की मांग उठी है. ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने इस सिलसिले में राष्ट्रपति, सीजेआई, कानून मंत्रालय व हाईकोर्ट के सीजे को पत्र भेजा है. जिसमें कहा गया है कि मप्र हाई कोर्ट के स्थापना काल 1956 से लेकर आज तक अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग से एक भी हाईकोर्ट जज की नियुक्ति नहीं हुई है. जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग से अपवाद के रूप में पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत की सौगत मिली. हालांकि वे भी दिल्ली हाईकोर्ट से स्थानांतरित होकर मप्र हाई कोर्ट आए थे. आरक्षित वर्ग की उच्च न्यायपालिका में सहभागिता की इस स्थिति को लेकर ओबीसी एडवोकेट्स वेल्फेयर एसोसिएशन ने इन वर्गों के अधिवक्ताओं को हाईकोर्ट जज के रूप में नामांकित करने की आवश्यकता पर बल दिया है. इसके साथ ही महिलाओं को भी स्थान दिए जाने का बिंदु पत्र में शामिल किया गया है. एसोसिएशन से जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि मप्र में अनुसूचित जाति वर्ग की आबादी 16 प्रतिशत, अनुसूचित जनजति जाति वर्ग की 21 प्रतिशत व अन्य पिछड़े वर्ग की आबादी 51 प्रतिशत है. जबकि महिलाओं की आबादी 48 .3 प्रतिशत है.